# बौद्ध सर्किट के विकास पर जोर

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों का विकास राज्य और केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 17 व 18 फरवरी को प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ सारनाथ और कुशीनगर का भ्रमण करेंगे। वहां भगवान बुद्ध से जुड़े विभिन्न तीर्थ स्थलों के पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे।

हाल ही में केंद्रीय बजट में प्रदेश सरकारों के सहयोग से देश के सर्वश्रेष्ठ 50 पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा की गई है। इनमें भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकास पर विशेष जोर रहेगा। प्रदेश में भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े कुशीनगर, संकिसा, श्रावस्ती, सारनाथ, कपिलवस्तु, कौशांबी आदि महत्वपूर्ण स्थल हैं। विश्व भर के बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए ये पावन तीर्थ हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहां विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्री के दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री सोमवार दोपहर बाबतपुर एयरपोर्ट वाराणसी पहुंचेंगे। जयवीर सिंह के साथ केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। सारनाथ में चौखंडी स्तूप, म्यूजियम आदि का भ्रमण करेंगे। सारनाथ वह पावन स्थल है, जहां भगवान गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया था। इसके बाद कुशीनगर में बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल, रामभार स्तूप, बुद्धिस्ट म्यूजियम, वाट थाई टेंपल आदि को देखेंगे।

**पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ सारनाथ और कुशीनगर भ्रमण करेंगे केंद्रीय मंत्री**